प्रतिक्रमण विधि संग्रह

पहला परिच्छेद

(१) उपोद्घात

"प्रतिक्रमण" आवश्यक का एक अध्याय है, पर छह आवश्यकों में इसकी प्रधानता होने से "षडावश्यकों" का भी "प्रतिक्रमण" नाम से उल्लिखित किया जाता है, अतः हम भी इस प्रबंध के षडावश्यक सम्बन्धी होने पर भी इसका नाम "प्रतिक्रमण विधिसंग्रह" रखना उपयुक्त समझते हैं।

आवश्यक सूत्र के कर्त्ता–

"नंदी तथा "पाक्षिक" सूत्र आदि में आवश्यक सूत्र के लिए निम्न प्रकार के उल्लेख मिलते हैं—

"से आवस्सए छव्विहे पन्नत्ते. तंजहा–सामाइयं १, चउव्वीस-त्थओ २, वंदणयं ३, पडिक्कमणं ४, काउस्सग्गो ५, पच्चक्खाणं ६,"

अर्थात्--वह आवश्यक छह प्रकार का कहा है, जैसे–सामायिक १ चतुर्विंशतिस्तव २, वंदनक, ३, प्रतिक्रमण ४, कायोत्सर्ग ५ प्रत्याख्यान ६।

आवश्यक सूत्र के कर्त्ता के सम्बन्ध में अनेक स्थलों में 'आवश्यकं श्रुतस्थविरकृतं" ऐसे उल्लेख मिलते हैं, तब क्वचित् इसे "गणधर प्रणीत होना भी सूचित किया है। प्रथम तथा अन्तिम तीर्थङ्करों

के साधुओं का धर्म "सप्रतिक्रमण" कहा गया है। आज भी इतना तो निश्चित है कि भगवान महावीर के श्रमण नित्य प्रतिक्रमण करते थे। इससे प्रमाणित होता है कि उस समय में भी आवश्यक सूत्र तो था ही, भले ही आधुनिक सूत्र की तरह स्वतन्त्र न होकर द्वादश गणिपिटकान्तर्गत किसी अंग श्रुत में उसका समावेश किया हुआ हो। यदि हमारे इस अनुमान के अनुसार आवश्यक श्रुत पूर्व काल में अंग-प्रविष्ट होगा तो निश्चित रूप से वह "गणधर कृत" कहला सकता है। परन्तु जैन सूत्र लिखे जाकर व्यवस्थित हुए, उस समय में आवश्यक श्रुत अंग-प्रविष्ट नहीं था, ऐसा श्री नन्दी सूत्र के निरूपण से सिद्ध होता है। नन्दी सूत्रकार भगवान श्री देवर्द्धि गणि-क्षमा श्रमणजी ने आवश्यक श्रुत का अनंगप्रविष्ट के रूप में उल्लेख किया है, अनंग प्रविष्ट-श्रुत के दो विभाग करते हुए क्षमा श्रमण जी ने एक विभाग में "आवश्यक" और दूसरे में "आवश्यक व्यतिरिक्त औपपातिकादि उपांगों" का निर्देश किया है, इससे यह बात सूचित होती है कि आवश्यक श्रुत पूर्वकाल में द्वादशांगी के ही अन्तर्गत होगा पर कालान्तर में अन्य उपांगों की तरह आवश्यक सूत्र भी अंग सूत्र में से पृथक करके एक भिन्न श्रुत स्कंध के रूप में व्यवस्थित किया होगा। इसी से पिछले टीकाकारों ने इसकी श्रुत स्थविर कर्तृकता मानी होगी, इस अपेक्षा से आवश्यक सूत्र को गणधर रचित भी कह सकते हैं और श्रुत स्थविर कृत भी।

नाम की सार्थकता—

इस सूत्र का "आवश्यक" यह नाम अन्वर्थक है, इस सम्बन्ध में निर्युक्तिकार कहते हैं—

> "समणेण' सावएण य अवस्सकायव्वयं हवइ जम्हा।
> अन्तो अहो""नि निसिस्स य। तम्हा आवस्सयं नाम ॥१॥"

अर्थात्–साधु और श्रावक का रात्रि, दिन के अन्त में अवश्य कर्तव्य प्रतिपादक होने से इसका नाम "आवश्यक" पड़ा है, इसी प्रकार आवश्यक के प्रत्येक-अध्ययन के नाम भी सार्थक हैं, परन्तु इन सब अध्ययनों का विस्तृत विवरण करके हम इस प्रबन्ध को लम्बा नहीं करना चाहते। हमारा मुख्य उद्देश्य प्रतिक्रमण-विधियों का निरूपण करने का है, इसलिए प्रतिक्रमण और इसकी कर्तव्य विधियों का ही प्रतिपादन करेंगे।

प्रतिक्रमण का शब्दार्थ—

"स्वस्थानाद् यत् परस्थानं, प्रमादस्य वशाद् गतः।
तत्रैव क्रमणं भूयः, प्रतिक्रमणमुच्यते ॥१॥"

अर्थात्-'अपने स्थान से अर्थात् कर्तव्य मार्ग से प्रमाद के वश होकर परस्थान अर्थात् अकर्तव्य मार्ग में चला गया हो तो वहां से फिर कर्तव्य मार्ग में आना इसका नाम "प्रतिक्रमण' है।

प्रतिक्रमण आज किया जाता है और जिनकाल तथा स्थविर काल में भी किया जाता था। पूर्व कालीन और वर्तमान कालीन हमारे प्रतिक्रमण में कितना अन्तर पड़ा होगा? इसका उत्तर देना अशक्य नहीं तो दुःशक्य तो अवश्य ही है। कारण कि कालातीत और क्षेत्रातीत परिस्थितियों का विचार वर्तमान परिस्थिति की दृष्टि से किया जाय तो वह विचार मौलिक परिस्थिति का स्पर्श नहीं कर सकता। जिनकाल अर्थात् भगवान महावीर के समय को आज ढाई हजार वर्ष व्यतीत हो चुके हैं। स्थविर काल को भी पन्द्रह सौ वर्षों से भी अधिक वर्ष हो गये हैं। इतने लम्बे काल की परिस्थिति का वर्तमानकालीन परिस्थिति से कई बातों में विषम होना स्वा-

भाविक है। जिनकाल में जैन श्रमणों का [illegible]
पूर्व के भारतीय प्रदेशों में होता था। [illegible]
विहार क्षेत्र में से छूटकर विहार का केन्द्रस्थान मध्यभारत बना था।
उसके बाद निर्ग्रन्थ श्रमण समुदाय उससे भी पश्चिम की तरफ [illegible]
लगा था। इस प्रकार भिन्न-भिन्न काल और भिन्न भिन्न क्षेत्रों के प्रभाव
हमारे आचारों और अनुष्ठानों पर पड़े थे। इस परिस्थिति में आज
कोई यह कहे कि आज के हमारे आचार-अनुष्ठानों जैसे ही पूर्वकाल
में भी थे, तो यह कथन वास्तविकता से कुछ दूर हो जायगा। मानव
स्वभाव की सुखशीलता के कारण उसके आचार तथा क्रियाओं में
प्रतिक्षण परिवर्तन आया करता है, पर मनुष्य को तत्काल इसका
भान नहीं होता। आज के अपने भिन्न-भिन्न देशों की लिपियां सूत्र-
कालीन ब्राह्मी लिपि के ही परिवर्तित रूप हैं। इसी प्रकार सूत्रकालीन
मागधी, अर्धमागधी, शौरसेनी आदि प्राचीन भाषाओं से उत्पन्न
भाषाओं से उत्पन्न आज की हिन्दी, गुजराती, मराठी, बंगला
आदि भाषाएं हैं। फिर भी इनका जन्मदात्री मूलभाषाओं के साथ
इतना अन्तर पड़ गया है कि इन भाषाओं का परस्पर सम्बन्ध है
यह भी कोई समझ नहीं सकता। जैसे लिपियों और भाषाओं पर देश
काल का असर पडता है वैसे ही साधुओं और गृहस्थधर्मियों के
आचार-अनुष्ठानों पर देशकाल का जबर्दस्त असर पड़ता है।

जिनकाल में और स्थविरकाल में हमारे प्रतिक्रमण की क्रिया
किस प्रकार की थी, यह कहना कठिन है। कारण कि मूल सूत्रों में
इसकी विस्तृत विधियाँ दृष्टिगोचर नहीं होतीं, प्राचीन नियुंक्तियों
में अथवा [illegible] इस विषय का व्यवस्थित विधान उपलब्ध नहीं
[illegible] में इसका प्रतिपादन

होगा भी तो यह वर्तमान पंचांगी में से प्रकीर्ण ग्रन्थों, चूर्णियों अथवा टीकाओं को छोड़कर अन्य अंगों, उपांगों में दृष्टिगोचर नहीं होता। आवश्यकचूर्णि लगभग विक्रम की ६ठी शती के अन्त में निर्मित प्राकृत टीका ग्रंथ है। इसमें साधु प्रतिक्रमण की विधि का व्यवस्थित निरूपण है। श्रमण प्रतिक्रमण का निरूपण बहुश्रुत आचार्य श्री हरिभद्र सूरिजी के पंचवस्तुक ग्रंथ में भी मिलता है।

पर श्रावक प्रतिक्रमण की विधि का प्रतिपादन १०वीं शती के उत्तरार्ध में निर्मित श्राद्ध प्रतिक्रमण सूत्र की आचार्य जयसिंह सूरि कृत चूर्णि और श्रीचन्द्रकुलीन श्री पार्श्व सूरि कृत श्राद्ध प्रतिक्रमण सूत्र विवृत्ति में दृष्टिगोचर होता है। इससे प्राचीन किसी भी सूत्र तथा ग्रंथ में श्राद्ध प्रतिक्रमण विधि का निरूपण नहीं मिलता। इसी कारण से अंचल गच्छ के प्रवर्तक आचार्यों ने प्रारंभ में श्रावक प्रतिक्रमण का ही प्रतिषेध किया था, क्योंकि वे सूत्र पंचांगी के सिवाय किसी भी सुविहित परम्परा को प्रामाणिक नहीं मानते थे। इस गच्छ के पिछले आचार्यों को अपने पूर्वजों की उक्त मान्यता भूल भरी ज्ञात हुई। उन्होंने अपने गच्छ की उन मान्यताओं में संशोधन किया। इस गच्छ की मौलिक और आज की अधिकांश मान्यताओं में आकाश-पाताल जितना अन्तर पड़ गया है।

धर्मानुष्ठानों के विधानों में साधुओं की मुख्यता--

प्रत्येक धार्मिक अनुष्ठान में साधु की मुख्यता होने से उसका निरूपण भी साधु के उद्देश्य से ही किया जाता था, पर इसका अर्थ यह नहीं होता था कि यह अनुष्ठान केवल साधु का ही कर्तव्य है। अंचल गच्छ के आचार्यों ने प्रथम यह वस्तु लक्ष्य में नहीं ली, पर अंत में उन्होंने अपने विचारों में संशोधन करना उचित समझा।

हम ऊपर आवश्यक निर्युक्ति की गाथा लिख आये हैं, उस गाथा में आवश्यक श्रमण तथा श्रावक दोनों का अवश्य कर्त्तव्य है, यह सूचित किया है। चूर्णिगत प्रतिक्रमण विधि के निरूपण में श्रावक का नाम न आया, यह कुछ लेखक की भूल न थी पर साधु तथा श्रावक की क्रिया में नाम मात्र के ही फेरफार होते थे, उनकी क्रियाओं में किंचित् भेद है जो स्वयं समझा जा सके ऐसा जान कर "श्राद्ध प्रतिक्रमण विधि का" पृथक् प्रतिपादन नहीं किया गया।

श्राद्ध प्रतिक्रमण सूत्र के कर्त्ता—

वर्तमान श्राद्ध प्रतिक्रमण सूत्र के कर्त्ता कौन थे ? इस प्रश्न के उत्तर में कोई कोई बताते हैं कि इसका कर्त्ता "ढंक" नामका कुम्हार श्रावक था। किन्तु हम इस कथन को महत्व नहीं दे सकते क्योंकि किसी भी प्राचीन ग्रन्थ या प्रकरण में इस विषय का उल्लेख नहीं है। इस सूत्र पर १० वीं शती के पूर्व की चूर्णि अथवा टीका भी उपलब्ध नहीं है, इससे सिद्ध होता है कि "आधुनिक श्राद्ध प्रतिक्रमण सूत्र वंदितु" अनुमानतः ७ वीं ८ वीं शती का सन्दर्भ होना चाहिये। कई लोग इस सूत्र की "तस्स धम्मस्स केवलिपंन्नत्तस्स अब्भुट्ठिओमि आराहणाए" इस गाथा की परवर्ती गाथाओं को अर्वाचीन और प्रक्षिप्त मानते हैं, किन्तु वस्तु स्थिति इस तरह की नहीं है, कारण कि इस सूत्र के प्राचीन से प्राचीन टीकाकारों ने भी अपनी टीकाओं में उक्त गाथाओं की व्याख्या की है।

नये गच्छों की प्रतिक्रमण सामाचारियां—

ग्यारहवीं शताब्दी तक सब गच्छों में प्रतिक्रमण सामाचारी प्रायः एक थी। किसी तरह का उसमें भेद न था। बारहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में उत्पन्न होने वाले गच्छों में भी अञ्चल गच्छ के

"वृहद्गच्छ" और उस पर से निकले हुए "आगमगच्छ" भिन्न पड़ रहे थे। दूसरे सबों का आधार "आवश्यक चूर्णि" था, तब "बृहद् गच्छ" के श्रमण समुदाय 'महा निशीथ" के "ईर्यापथिकी" प्रतिक्रमण सम्बन्धी एक सामान्य विधान को महत्व देकर सामायिक दंडक उच्चारण के पूर्व "ईर्या पथिकी" प्रतिक्रमण के पक्ष में हुए। उन सब गच्छों में से जो जो गच्छ आज विद्यमान हैं वे सर्व अपने २ पूर्वाचार्यों की "ईर्या पथिकी" प्रतिक्रमण सम्बन्धी परम्परा का ही अनुसरण करते हैं।

सूत्रोक्त साधुसामाचारी—

सामाचारी मूलसूत्र के अनुसार कहूंगा जो सर्वदुःखों से मुक्त करने वाला है और जिसका आचरण करके निर्ग्रंथ संसार समुद्र को तिरे हैं।

प्रथमा-आवश्यकी, दूसरी नैषेधिकी, तीसरी आपृच्छना, चौथी प्रतिपृच्छना, पंचमी छंदना, छठ्ठी इच्छाकार, सातवीं मिथ्याकार, अष्टमी तथाकार, नवमी अभ्युत्थान और दशवीं उपसम्पदा यह साधुओं की दशांग सामाचारी कही हैं।

दशविध सामाचारी के स्थान—

गमन में आवश्यकी करें, अपने निवास स्थान में प्रवेश करते समय नैषेधिकी करें, अपना कार्य करने के समय आपृच्छा करे, दूसरे का कार्य करते समय प्रतिपृच्छा करे, प्राप्तद्रव्य जात से छन्दना करे, कार्य प्रवृत्ति कराते समय इच्छाकार करे, अपनी भूल की निन्दा में मिथ्याकार करे, गुरु या वडील के वचन के स्वीकार में 'तथाकार' करे, गुरु के अपने निकट आने पर 'अभ्युत्थान' करे और उनकी

निश्रा में रहे इसका नाम 'उपसम्पदा' सामाचारी है। इस प्रकार क्रम को 'दशविध' सामाचारी बताई है।

दशविध सामाचारी का निर्देश करके अब ओघ "सामाचारी" का निरूपण करते हैं।

सूर्य उदय के बाद दिन के प्रथम चतुर्थ भाग में उपकरणों की प्रतिलेखना कर गुरु को वन्दनपूर्वक हाथ जोड़कर पूछे 'भगवन् अब मुझे क्या क्या करना चाहिये? आपकी इच्छानुसार मुझे किसी भी कार्य में नियुक्त कीजिये, वैयावृत्य में अथवा स्वाध्याय में।' यदि गुरु वैयावृत्य में नियुक्त करे तो ग्लानि लाये बिना वैयावृत्य करे और सर्वदुःख से मुक्त करने वाले स्वाध्याय में नियुक्त करे तो अग्लानि से स्वाध्याय करे। इस प्रकार ओघ सामाचारी के मौलिक कर्तव्यों के निर्देश करके अब समय का विवेक बताते हैं।

प्रथम औत्सर्गिक दिनकृत्य बताते हैं—

दिवस के चार भाग करके चतुर 'भिक्षु' उन चारों ही दिन विभागों में उत्तर गुणों का साधन करे। प्रथम पौरुषी में स्वाध्याय करे, द्वितीय पौरुषी में सूत्रार्थ चिन्तन रूप ध्यान करे। तीसरी पौरुषी में भिक्षाचर्या करे और चौथी पौरुषी में फिर स्वाध्याय करे।

पौरुषी ज्ञान का उपाय--

आषाढ़ मास में दो पग परिमित छाया रहने पर, पोष में चार पग छाया रहने पर, चैत्र तथा आश्विन महीनों में तीन पग छाया रहने पर पौरुषी होती है।

सात अहोरात्रों में एक अंगुल छाया बढ़ती घटती है। एक पक्ष में दो अंगुल छाया बढ़ती घटती है और मास ...

बढ़ती घटती है।

तिथि किन-किन महीनों में घटती है, यह नीचे बताते हैं

१ आषाढ कृष्ण पक्ष में २ भाद्रपद कृष्ण पक्ष में, ३ पौष कृष्ण पक्ष में, ४ फाल्गुन कृष्ण पक्ष में और ५ वैशाख कृष्ण पक्ष में क्षय तिथियाँ आती हैं।

किस महीने में कितने अंगुल छाया का दिवस के चतुर्थांश में प्रक्षेप करने से उस महीने में पौरुषी पूर्ण होती है, यह बताते हैं-

ज्येष्ठ, आषाढ और श्रावण के दिवस के चतुर्थ भाग में छः अंगुल का प्रक्षेप करने में प्रतिलेखना का समय होता है। इसी प्रकार भाद्रपद, आश्विन और कार्तिक मास के दिन चतुर्थांश में आठ अंगुल का प्रक्षेप करने से पौरुषी आती है। मार्गशीर्ष, पौष और माघ इन तीन महीनों के दिन चतुर्थांशों में दश अंगुलों का प्रक्षेप करने से पौरुषी आती है और चतुर्थ त्रिक अर्थात् फाल्गुन, चैत्र और वैशाख महीनों के दिन चतुर्थांश मे आठ अंगुलों का प्रक्षेप करने से इन तीन महीनों की पौरुषी पूर्ण होती है।

अब रात्रि कृत्यों का काल विभाग बताते हैं-

विचक्षण साधु रात्रि को भी चार विभागों में बांट कर उन चारों में उत्तर गुणों की साधना करे।

प्रथम पौरुषी में स्वाध्याय, द्वितीय पौरुषी में ध्यान और तृतीय पौरुषी में निद्रा फिर चतुर्थ पौरुषी में स्वाध्याय करे।

रात्रि में शयन विधि इस प्रकार है--

[illegible] पौरुषी पूर्ण होने पर गुरु के पास जाकर [illegible] कहे "[illegible] श्रमण ! पौरुषी संपूर्ण हो गई है रात्रि [illegible]" [illegible]

गुरु-आज्ञा प्राप्त करके प्रथम प्रस्रवण-भूमि में जाये, कायिकी लघु शंका मिटाके जहां संस्तारक करना है वहां जाये। वहां उपधि के विषय में उपयोग कर उपधि का डोरा छोड़े और संस्तारक और उत्तर पट्टक की प्रतिलेखना कर दोनों को शामिल कर पूर्व भाग पर रखे, फिर संस्तारक भूमिका प्रमार्जन करे और उत्तर पट्टक सहित संस्तारक को उस स्थान पर बिछाये और उसपर बैठकर मुहपत्ति से ऊपर के शरीर की प्रमार्जना करे, रजोहरण से निचले शरीर का प्रमार्जन करे और ओढ़ने के वस्त्र वाम भाग में रखे फिर संस्तारक पर चढ़कर गुरु अथवा उनकी निश्रा में रहता है। उन वडील के आगे कहे-'ज्येष्ठार्य ! संस्तारक की आज्ञा दीजिये।' फिर तीन बार सामायिक दंडक पढ़कर सोये।

सोने की विधि यह है—

संस्तारक पर सोने की आज्ञा लेकर बाहुरूपी उपधान (तकिया) कर पैर संकुचित करके वाम पार्श्व पर सोये, इस प्रकार सोता हुआ थक जाये तब भूमि प्रमार्जन करके कुक्कुट की तरह पैर लम्बा करे।

संडासक संकोचित करके सोये, अगर पार्श्व परिवर्तन करना हो तो प्रथम शरीर प्रतिलेखना करके पार्श्व बदले। उस समय द्रव्यादि का उपयोग करे, श्वास को रोके और आंखें खोलकर देखे।

प्रतिक्रमण विधि

[आवश्यक चूर्णि के आधार से]

दैवसिक—

स्थंडिलादिभूमियां ऐसे समय में प्रतिलेखी जावे कि जिसके अन्त में सूर्यास्त हो और उसके बाद तुरन्त ही प्रतिक्रमण किया जाय उसकी विधि इस प्रकार है—

प्रतिक्रमण दो प्रकार से होता है, व्याघातिम और व्याघात रहित। जो व्याघात बिना का प्रतिक्रमण होता है उसमें गुरु के साथ सभी साधु प्रतिक्रमण करते हैं, यदि गुरु श्रावकों को धर्मोपदेश करने आदि में रुके हुए हों तो साधुओं के साथ आवश्यक करने में व्याघात खड़ा होता है। जिस समय प्रतिक्रमण करना है वह समय धर्मोपदेशात्मक व्याघात से बीत जाता है, अतः ऐसे प्रसंग व्याघात कहलाते हैं। ऐसे प्रसंगों में गुरु और उनका निषद्याधर दोनों पीछे से चारित्राचार के अतिचारों के चिन्तनार्थ कायोत्सर्ग करते हैं, दूसरे साधु गुरु को पूछ कर गुरु के स्थान के पीछे यथा रत्नाधिक नजदीक और दूर बैठ जाते हैं क्योंकि यही उनका स्वस्थान गिना जाता है। वहां बैठकर प्रतिक्रमण करने वालों ...

प्रकार से ह

श्री यत्याचार प्रतिक्रमण मण्डली—

गुरु पीछे से आकर अपने स्थान पर बैठें उनसे पूर्व ही दूसरे साधु बांयी ओर के पृष्ठ भाग से और दायीं ओर के अग्रभाग भाग से होकर अपने अपने स्थानों में आकर बैठ जाते हैं।

आवश्यक चूर्णि के आधार पर दैवसिक प्रतिक्रमण विधि—

कृतिकर्म के बाद गुरु का आवश्यक किया जाता है। आवश्यक निर्व्याघात होता है और व्याघातिम भी। अगर आवश्यक निर्व्याघात हो तो गुरु के साथ सब साधु आवश्यक करते हैं। अगर गुरु श्रावकों के सामने धर्मकथा करने में व्याकुल हों तो गुरु और उनका निषद्या-धर दोनों बाद में कायोत्सर्ग करते हैं, फिर साधु गुरु को पूछकर गुरु स्थान के पीछे निकट और दूर यथारात्निक के क्रम से जिसका जो स्थान आता हो वह वहां आकर बैठ जाते हैं।

'गुरु पच्छा ठायंतो, मज्झेण गंतुं सट्ठाणे ठायति, जे वामतो ते पगांतरं गन्तेण गंतुं सट्ठाणे ठायंति जे दाहिण ओ अग्गंतरमपरक्खेवेणं तं चेव दाहिणं ठायंति, गुणरक्खणत्थं हेतुं, तत्थ य पुव्वमेव ठायंता "करेमि भंते सामाइयं" इति सुत्तं करेंति, जाहे पच्छा गुरु सामाइयं करेंति ताहे पुव्वट्ठितावि तं सामाइयं करेंति सेसं कंठं। जो होज्जा ॥१५६४॥ पविसंतो आपुच्छणादि सोधितकज्जाव-ज्झाण परो अच्छति,

जाहे गुरु ठांति सेण आगतं तं का तु' आवस्सगं अग्गोन्ते तिण्णि व्युतिओं करेंति अथवा एगा एगसिलोइगा, वितिया विसिलोइया, तइया तिसिलोइया, तेसिं समत्ती ए काल वला पडिलेहण विधी इमा कातव्वा।"

(आवश्यक चूर्णि उत्तर भा० प्र० २२९-३०)

निर्व्याघात प्रतिक्रमण में मंडली में जाते ही सर्व प्रथम सामायिक सूत्र वोलते हैं। सामायिक सूत्र वोलकर अर्थ चिन्तन करते हैं। जब आचार्य वोसिरामि' यह कहें तब शेष साधु भी अतिचार चिन्तनादि पूर्वक मुखवस्त्रिका प्रतिलेखनादि करते हैं। कोई आचार्य कहते हैं—जब आचार्य सामायिक सूत्र पढ़ते हैं तब वे वैसे ही मन में चिन्तन करते हैं। प्रथम सूत्र का चिन्तन कर मुहपत्ति प्रति-लेखनादि करते हैं, वैसा करके जब तक आचाय कायोत्सर्ग में स्थित हों तब तक अन्य श्रमण मन में अनुप्रेक्षा करते हैं, सर्व दिवस सम्बन्धी अतिचारों का चिन्तन करके जितने दैवसिक अतिचार हों उन सब को मन में याद करके कायोत्सर्ग पारने के वाद उन दोषों को आलोचना से अनुलोम और प्रतिसेवना से अनुलोम हृदय में स्थापन करें। उन सब की समाप्ति के वाद जब तक आचार्य कायोत्सर्ग नहीं पारते अन्य साधु अपने मन में धर्म-ध्यान और शुक्ल ध्यान का चितन करें, आचार्य अपनी दिन भर की प्रवृत्तियों तथा चेष्टाओं को दो वार चिन्तन करें, इतने समय में अतिप्रवृत्ति वाले साधु अपनी चेष्टाओं के सम्बन्ध में एक वार चितन कर सकते हैं। इस प्रकार दैवसिक प्रतिक्रमण समझना चाहिये।

रात्रिक प्रतिक्रमण में रात्रिक अतिचार होते हैं। पाक्षिक चातुर्मासिक, सांवत्सरिक अतिचार नहीं होते इस कारण से दिवस

शब्द का ग्रहण किया है। कायोत्सर्ग "नमो अरिहंताण" यह पढ़कर पारते हैं और ऊपर चतुर्विंशतिस्तव पढ़ते हैं, फिर धर्म विनयमूलक है इस कारण से वंदना करने की इच्छा वाला शिष्य संडाशक प्रतिलेखन करके बैठकर मुखवस्त्रिका की प्रतिलेखना करता है। मस्तक पर्यन्त उपरिकाय का प्रमार्जन कर परम विनय के साथ त्रिकरण विशुद्ध कृतिकर्म करे बाद खड़ा होकर यथारात्निक दोषों को गुरु के सामने प्रकट करे। अगर कोई अतिचार नहीं है तो शिष्य के "संदिसह" यह कहने पर गुरु को "पडिक्कमह" ऐसा कहना चाहिये। यदि कोई अतिचार हो तो उसका प्रायश्चित "पुरिमड्ढ" आदि लेते हैं। जैसा गुरु प्रायश्चित दें, उसको उसी तरह करना चाहिए। प्रायश्चित न करने से अनवस्थादि दोष होते हैं। वन्दन के अनन्तर आलोचना के बाद सामायिक सूत्र और उसके बाद ज्ञानदर्शनचरित्रों की विशुद्धि के लिये उपविष्ट प्रतिक्रमण सूत्र से प्रशस्त स्थानों में जैसे अपनी आत्मा स्थित हो वैसे करे। पूर्वोक्त विधि से वन्दन, क्षामणक पूर्वक "प्रतिक्रांत" इसी सूचनात्मक निवेदन करके आचार्य को वंदन कर शेष साधुओं को भी खमाना चाहिये। यहाँ यह सूत्र-गाथा बोले "आयरिय उवज्झाए × × × सव्वस्स समणसंघस्स०" इस सम्बन्ध से वन्दना के बाद क्षमापन करे फिर शेष जीवों को भी खमावे, बाद में चारित्राचार की विशुद्धि के लिए सामायिक सूत्र पढ़कर कायोत्सर्ग दण्डक यावत् "तस्स उत्तरीकरणेणं" यहाँ से लेकर 'वोसिरामि' कहकर कायोत्सर्ग करना, तीनों कायोत्सर्गों में श्वासोच्छ्वास एक सौ होते हैं, उनमें प्रथम चरित्र का कायोत्सर्ग होता है पच्चास श्वासोच्छ्वास होते हैं, उनको समाप्त करके नामोत्कीर्तना कर "सव्वलोए अरिहंत चेइयाणं वंदण वत्तिया ए० इत्यादि पढ़कर

ऐसा न होने से अविनय होता है। आचार्य कुछ अर्थ विशेष कहना चाहते हों अथवा प्रायश्चित विशेष कहना चाहते हों अथवा आचार्य किसी के लिये अतिचार की मर्यादा स्थापित करना चाहते हों, अगर भूली हुई कोई बात कहना चाहते हों तो कह सकें। स्तुतियाँ एक श्लोकादि वर्धमान पद अक्षर वाली, अथवा वर्धमान

कार्य कर। ये शाम की विधि कही है। अब प्रभात में विधि क्या है सो कहते हैं।

रात्रिक प्रतिक्रमण विधि—

"पढमं सामाइयं कातूणं चरित्तविसोधिनिमित्तं का उस्सग्गो, कीरइ चउवीसत्थयं कड्डितूणं,दंसणविसेधिनिमित्तं वितिओ, ततिओ सुतणाण मिसोहि निमित्तं, तत्थ राइया तियारे चिंतेति तथा थुतीणं अवसाणा वा आरंभ जाव इमो ततिओं काउस्सग्गोत्ति पमाणं कि एत्थ ? सुत्तं गोसद्धं सतस्स पढमे पणुवीसा, वितिये विपणुवीसा ततिएणत्थि पमाणं। तत्थ आयरियो अप्पणो अतियारे चिंते तूण उस्सारेति जेण पुयट्ठिता सथेवि, ततो वंदणगं, ततो आलोयणा, ततोपडिक्कमणं ततो पुणरवि वंदणगं, खामणं, ततो सामाइयाणंतरं का उस्सग्गो, ततो पच्चरवाण, गुणधारणानिमित, तत्थ चिंतेति-"कम्हि नियोगेणिउत्ता गुरू हिं, तो तारिस तवं संपडिवज्जिस्सामि, साहुणा य किर चिंते तव्वं-छम्मास खमणं जाव करेमि, ण करेज्जा, एगदिवसेण ऊणागं करेतु जाव पंच मास ४-३-२-१ अद्ध मासो, चउत्थं आयंबिलं एवं एगट्ठाणं, एगासणं, पुरिमड्ढ णिव्वीय-पोरूसी णमोकारोत्ति। अज्जत्तणगाओंय किर कल्लं जोग वुड्ढी का तव्वा। एवं वीरियायारो ण विराधितो भवति, अप्पायणिद्धाडितो भवति जं समत्थो कातुं तं हिदये करेति (२६३-४) उस्सारेत्ता संथवं कातुं पच्छा वंदित्ता पडिवज्जति सव्वेहि विणमोक्कार इत्तेहिं समगं ऊट्ठेतव्वं, एवं सेसएसु वि पच्चक्खाणेसु पच्छा, तिण्णी थुतीओ अप्पसद्दे हिं तहेव भण्णंति जथा घर कोई लियादि सत्ता। ण उट्ठेंति, कालं वंदित्ता निवेदिलि, जदि चेतियाणि अत्थि तो वंदंति। थुति अवसाणे चेव पडिलेहणा, मुहणंतगादिं, संदिसह पडिलेहेमि। बहु

वेला य। एवं च कालं तुलं तूणं पडिक्कमन्ति, जया ततिया पुत्तं भाणिता पडिलेहण वेला य होति। × × एवं ता देवसिये भणितं।"

भावार्थ—प्रथम "करेमि भंते" इत्यादि सामायिक सूत्र पढ़कर चारित्र विशुद्धि निमित्तक कायोत्सर्ग करें। दूसरा चतुर्विंशतिस्तव पढ़कर दर्शनविशुद्धिकारक कायोत्सर्ग करे, तीसरा श्रुतज्ञान विशुद्धि निमित्तक कायोत्सर्ग करे। इसमें रात्रि के अतिचार चितवे तथा स्तुतियों की समाप्ति से लेकर यावत् यह तीसरा कायोत्सर्ग होता है। इनमें श्वासोच्छ्वासों का क्या प्रमाण है? प्रथम कायोत्सर्ग में २५, दूसरे में भी २५ और तीसरे में प्रमाण नहीं है। इसमें आचार्य अपने अतिचारों का चिन्तन करके कायोत्सर्ग पारते हैं, तब पूर्व स्थित सर्व साधु भी कायोत्सर्ग पारते हैं। फिर वंदन करते हैं फिर आलोचना और प्रतिक्रमण सूत्र पाठ फिर वंदना, क्षामणक, कायोत्सर्ग और बाद में प्रत्याख्यान गुण धारण निमित्तक कायोत्सर्ग में चितन करते हैं। गुरु ने किस कार्य में मुझको जोड़ा है इसका विचार करके सार्थक तप का चिंतन करना चाहिये ताकि आचार्य निर्दिष्ट कार्य की हानि न हो। "क्या छ मासिक उपवास करूं? यह नहीं होगा। एक दिन कम छ मास करूं" यह भी नहीं होगा पञ्च मास, चार मास तीन मास, २—१ अर्धमास, चतुर्थ भक्त, आयंबिल, इसी प्रकार एक स्थान, एकाशन, पुरिमड्ढ, निर्विकृतिक, पौरुषी, नमस्कार सहित तक तप का चितन करें, जो तप करना हो वहां तक चिंतन करके कायोत्सर्ग पारे। आज जो तप किया है—उससे कल योगवृद्धि करनी चाहिये। जिससे वीर्याचार्य की विराधना न हो और आत्मा भी निर्धारित हो, फिर कायोत्सर्ग को पार कर "लोगस्स उज्जोयगरे" बोलकर वदना पूर्वक गुरु के पास प्रत्याख्यान करे। जितने भी एक

प्रकार का प्रत्याख्यान करने वाले हों, वे सब एक साथ उठें। पच्चक्खाण करके पीछे धीमे शब्द से तीन स्तुतियां बोलें, जिससे छिपकली आदि शिकारी प्राणी न उठें और बाद में वंदनपूर्वक काल निवेदन करे, यदि वहां जिन प्रतिमाएँ हों तो उनका वंदन करे। स्तुति की समाप्ति के बाद ही मुहपत्ति आदि की प्रतिलेखना करें "संदिसह मुहपत्तियं पडिलेहेमि" इस प्रकार आदेश ले। प्रतिलेखना के अंत में "बहुवेला" के भी आदेश ले। इस प्रकार काल की तुलना करके प्रतिक्रमण किया जाय जैसे तीसरी स्तुति पढ़ने के अनंतर ही प्रतिलेखना का समय हो जाय। उपर्युक्त रात्रि प्रतिक्रमण की विधि कही है।

पाक्षिक विधि इस प्रकार है—दैवसिक प्रतिक्रमण करने के बाद गुरु के बैठने के बाद शिष्य कहते हैं—"हे क्षमाश्रमण! पाक्षिक क्षामणक करना चाहते हैं" यह कह करके क्षामणक का पाठ बोले, "अब्भुट्ठियोमि" पाठ से कम से कम ३ को और अधिक से अधिक सबको क्षामणक करे/बाद में गुरु उठकर यथारात्निकतया खमाते हैं। दूसरे भी यथा रात्निकतासे खमाते हैं और सब कहते हैं "इमं देवसियं पडिक्कंतं" यह दैवसिक प्रतिक्रमण किया। पाक्षिक प्रतिक्रमण कराइये, तब पाक्षिक प्रतिक्रमण सूत्र कहते हैं—पाक्षिक प्रतिक्रमण कहकर मूल गुण उत्तर गुणों में जो खंडन विराधन किया हो उसके प्रायश्चित्त के निमित्त ३०० श्वासोच्छ्वास का कायोत्सर्ग किया जाता है। कायोत्सर्ग पार कर "लोगस्स" कहते हैं। फिर बैठकर मुख वस्त्रिका की प्रतिलेखना करके वंदना करते हैं, बाद पाक्षिक विनयातिचारों को खमाते हैं। दूसरे में शिष्य काल गुण का संस्तवन करते हैं जैसे "पियं च जंभे हट्ठाणं"× गुरुविभणंति साहूहिं समं।

दूसरा परिच्छेद

श्रमण-प्रतिक्रमण-विधि--

(पाक्षिकसूत्रचूर्ण्यनुसारी)

यहाँ 'साधु' सायंकालीन सर्व कर्त्तव्य करके सूर्यास्तमन वेला में सामायिकादिसूत्र पढ़कर दिवस सम्बन्धी अतिचारों के चिन्तन के लिए कायोत्सर्ग करते हैं। उसमें रात्रिक मुहपत्ति प्रतिलेखना से लगाकर अधिकृत चेष्टा कायोत्सर्ग पर्यन्त दिवस के अतिचारों का चिन्तन करते हैं। उसके बाद नमस्कार से कायोत्सर्ग पाकर चतुर्-विंशतिस्तव पढ़ते हैं. फिर संडाशक प्रतिलेखना करके उकड़ बैठकर मस्तकपर्यन्त ऊपर के शरीर का प्रमार्जन करते हैं और परम विनय पूर्वक त्रिकरण शुद्ध कृतिकर्म करते हैं। इस प्रकार वन्दना कर खड़े होकर दोनों हाथों में रजोहरण पकड़कर शरीर को कुछ नवां-कर पूर्व चिंतित दोषों को यथारात्निक-क्रम से साधु की भाषा में जिस प्रकार गुरु अच्छी तरह सुने, उस प्रकार प्रवर्धमान संवेग भाव वाले, कपट अहंकार से विमुक्त होकर विशुद्धि के निमित्त अपने अतिचारों की आलोचना करे। अगर अतिचार दोषापत्ति नहीं है तो शिष्य को "संदिसह०" यह कहना चाहिये इस पर गुरु "पडिक्कमह" इस प्रकार कहेंगे। यदि अतिचार दोष है तो उनका परिमार्धादि प्रायश्चित्त देते हैं, तब गुरुदत्त प्रायश्चित्त को स्वीकार कर साधु

विधिपूर्वक बैठकर गुरु की तरफ ध्यान देकर यथार्थ उपयोग पूर्वक अनवस्था प्रसंग में डरते हुए प्रतिपद हृदय में संवेग–भाव को प्राप्त करते हुए दंश-मशकादि के परीषहों को न गिनते हुए पद-पद के क्रम से सामायिक आदि से लेकर प्रतिक्रमण सूत्र को पढ़ें वा सुने "तस्स धम्मस" यह पद पूरा होने के बाद खड़े होकर "अब्भुट्ठियोमि आराहणाए" इत्यादि से लेकर यावत् "वन्दामि जिने चउव्वीसं" यहाँ तक पढ़कर गुरु विधिपूर्वक बैठ जावें तब साधु वन्दन करते हैं–"इच्छामि खमासमणो अब्भुट्ठियोमि अब्भिन्तर पक्खियं खामेऊं।" गुरु कहते हैं—"अहमवि खामेमि तुब्भे" तब साधु कहते हैं–"पन्नरसहं दिवसाणं, पन्नरसहणं राईणं जिंकिंचि अपत्तियं परपत्तियं" इत्यादि, इस प्रकार से जघन्य से तीन अथवा पाँच चातुर्मासिक में और सांवत्सरिक में सात साधुओं को खमावें, उत्कृष्टतया तीनों स्थानों में सर्व साधुओं को खमाया जाता है। यह 'संबुद्धाक्षामण' रात्निकों को खमाने के लिये हैं। इसमें छोटा साधु बड़े साधु को खमाता है यह इसका तात्पर्य है बाद में कृतिकर्म करके खड़े होकर प्रत्येक क्षामणा करते हैं। इसकी यह विधि है–गुरु, अन्य वा जो मण्डली में बड़ा हो प्रथम उठकर खड़े खड़े ही अपने से छोटे को कहते हैं 'अमुक नाम श्रमण "अब्भितर पक्खियं खामेमो पन्नरसहणं दिवसाणं पन्नरसहणं राईणं इत्यादि। कनिष्ठ भी भूमितल में जानु और मस्तक लगाकर कृताञ्जलि होकर कहता है "भगवं अहमवि खामेमि तुब्भे पन्नरसहणं" इत्यादि।

यहाँ शिष्य पूछता है–गुरु उठकर क्यों खमाते हैं? गुरु कहते हैं सर्वसाधुओं को यह जताने के लिये कि "ये महात्मा अहँकार को छोड़कर द्रव्य से उठकर खमाते हैं और भाव से भी उठकर

खमते हैं।" इसके अतिरिक्त गुरु से जो जाति आदि से श्रेष्ठतर होंगे वे ऐसा विचार न करेंगे कि यह नीचे है और हम उत्तम हैं, इसलिये गुरु भी शिर नवां कर खमाते हैं। ऐसे ही गुरु से उतरते नम्बर के साधु यथारात्निकों को खमाते हैं। यावत् अन्तिम दो साधुओं को छोड़कर अन्तिम दो साधुओं में से भी उपान्त्य साधु अन्तिम साधु को खमाता है।

तब कृतिकर्म करके सब इस प्रकार कहें—"देवसियं आलोइयं पडिक्कन्ता पक्खियं पडिक्कमामो" तब गुरु कहे "सम्मं पडिक्कमह"।

उक्त कथन पाक्षिकचूर्णि का है। इस विषय में 'आवश्यक' का अभिप्राय यह है—"गुरु उट्ठेऊण जाहा रायणियाए उद्धट्ठिओ चेव खामेइ, इअरेवि महारायणियाए" सव्वेवि अवणय उत्तमंगा भणंति "देवसियं पडिक्कंत पक्खियं खामेमो पन्नरसण्हं दिवसाणं" इत्यादि। एवं सेसावि जहा रायणियाए खामेन्ति। पच्छा वन्दित्ता भणंति— "देवसियं पडिक्कन्तं पक्खियं पडिक्कमावेह"त्ति तओ गुरु गुरु-संदिट्ठो वा "पक्खियं पडिक्कमणसुत्तं कड्ढई" सेसगा जहा सत्ति काउ सग्गाइसंठिया धम्मज्झाणो वगया सुणंति। तत्थेदं सूत्रं "तित्थंकरेयतित्थे" (पाक्षिक सूत्रवृत्तितः २-३)

इसका भाव यह है कि गुरु उठकर यथा रात्निक के क्रम से खड़े २ ही खमाते हैं दूसरे भी ज्येष्ठानुक्रम से सर्व शिर नवांकर कहते हैं "दैवसिक प्रतिक्रमण कर लिया, अब पाक्षिक प्रतिक्रमण करवाइये।" बाद में गुरु अथवा गुरु संदिष्ट श्रमण पाक्षिक सूत्र पढ़ता है दूसरे यथाशक्त्यनुसार कायोत्सर्गादि-मुद्रा से संस्थित हो धर्म-ध्यान में लीन होकर सुनते हैं। वह पाक्षिक सूत्र "तीर्थंकरे इत्यादि है।

(पाक्षिकसूत्र वृत्ति से २-३)

[illegible]

स्सग्गं करेंति । तत्थ [illegible] उज्जोयगरे [illegible] । [illegible]

पन्नरसण्हं सगाणं, उज्जोयगरे [illegible], [illegible]

सगाणं उज्जोयगरे [illegible] ।" ततो [illegible]

पारित्ता चउवीसत्थयं पढंति, पच्छा [illegible] काउं

पडिलेहित्ता किइकम्मं करेंति । ततो [illegible] जाणु-

करयलुत्तमंगो समगं भणंति—"इच्छामि खमासमणो अब्भुट्ठिओमि

अब्भितरपक्खियं खामेउं' पन्नरसण्हं दिवसाणं पन्नरसण्हं राईणं-

जंकिंचि" × × ×

बाद में खड़े-खड़े पक्षप्रतिक्रमण सूत्र बोलें, अन्त में विधिपूर्वक बैठकर 'करेमि भंते सामाइयं' इत्यादि सर्व निर्दिष्ट प्रतिक्रमण सूत्र कह कर खड़ा होवे। 'तस्स धम्मस अब्भुट्ठियोमि' इत्यादि से लेकर 'वंदामि जिणे चउव्वीसं' यहाँ तक अन्तिम आलापक बोलकर "करेमि भंते सामाइयं." इत्यादि कायोत्सर्ग दण्डक पढ़कर मूलोत्तर गुणों में जो कुछ खण्डित हुआ हो उसके प्रायश्चित के निमित्त ३०० श्वासोच्छ्वास परिमाण कायोत्सर्ग कर कायोत्सर्ग में १२ उद्योतकरों का चिन्तवन करना, चातुर्मासिक प्रतिक्रमण के कायोत्सर्ग में ५०० श्वासोच्छ्वास परिमाण वाला २० उद्योतकरों का चिंतन करे।

आवश्यक कायोत्सर्ग में एक हजार आठ श्वासोच्छ्वास परिमाण वाला कायोत्सर्ग करें इस कायोत्सर्ग में ४० उद्योतकर और १ नमस्कार चिंतवन करते हैं। बाद में विधि से कायोत्सर्ग पूरा करके चतुर्विंशतिस्तव पढ़े, बाद में बैठकर मुखवस्त्रिका की और उसी से शरीर की प्रतिलेखना करके २ वन्दना दे। बाद में पृथ्वीतल पर जानु हाथ और मस्तक रखकर एक साथ बोलें "इच्छामि खमासमणो अब्भुट्ठिओमि०" हे क्षमाश्रमण मैं खड़ा हुआ हूँ। पखवाड़े के अपराधों को खमाने के लिये १५ दिन और १५ रात्रियों में जो अपराध हों उनको क्षमा कीजिये।

यहाँ आचार्य कहते हैं—"मैं भी खमाता हूं"। इसके बाद सर्व-साधु आचार्य के प्रति ४ बार क्षामणक (क्षमापनक) करके 'दैवसिक' प्रतिक्रमण करें यहाँ क्षामणक निमित्त वंदन करके कहे 'इच्छामि खमासमणो अब्भुट्ठिओमि अब्भिंतर देवसिय खामेउं जंकिंचि अपत्तियं" इत्यादि।

बाद में आचार्य के सामीप्य निमित्तक कृतिकर्म करें और सामायिक सूत्र का उच्चारण करके चारित्र की विशुद्धि के लिये पचास श्वासो-च्छ्वास परिमाण कायोत्सर्ग करें। नमस्कार से कायोत्सर्ग को समाप्त कर दर्शन विशुद्धि के निमित्तक नामोत्कीर्तन करें "लोगस्स उज्जोअगरे०" इत्यादि। उसके बाद दर्शन विशुद्धिनिमित्त पच्चीस श्वासोच्छ्वास परिमाण कायोत्सर्ग करें। नमस्कार से कायोत्सर्ग समाप्त कर ज्ञानविशुद्धिनिमित्तक श्रुतज्ञानस्तव पढ़ें—"पुक्खर वरदी वड्ढे" इत्यादि। उसके बाद श्रुतज्ञानविशुद्धिनिमित्तक २५ श्वासो-च्छ्वास परिमाण कायोत्सर्ग करें। बाद में नमस्कार पूर्वक

[illegible]

[illegible] पढ़ा जाता है। [illegible]

[illegible] के आगे पढ़ा जाता है। [illegible]

[illegible] पढ़ा जाता है, [illegible]

को भी [illegible] कल्प पढ़ा जाता है, पर वहां भी साधु नहीं

पढ़ता, साधु सुन सकता है, इसमें दोष नहीं, [illegible] है।

पार्श्वस्थ अथवा अन्य पढ़ने वाले की गैर हाजरी में ग्राम स्वामी अथवा श्रावकों की प्रार्थना से दिवस में भी पढ़ा जाता है, वहां यह विधि है–

पर्युषणा के पूर्व ४थी रात्रि से अपने उपाश्रय में दैवसिक प्रतिक्रमण करने के बाद काल ग्रहण करें, काल शुद्ध हो अथवा अशुद्ध तो भी स्वाध्याय प्रस्थापित करके कल्प पढ़ा जाता है। इस प्रकार चार रात्रियों में करना। पर्युषणा की रात्रि में कल्प पढ़ने के बाद सर्व साधु कल्प समाप्ति निमित्तक कायोत्सर्ग करते हैं।

"पज्जो सवणकप्पस्स समप्पावणियं करेमि काउस्सग्गं, जंखंडियं, जंविराहियं, जं नपडिपूरि श्रं (सव्वोदंडश्रो कड्ढियव्वो) जाव वोसिरामित्ति। लोगस्सुजोयगरं चिंतेऊण उच्चारित्ता पुणो लोगस्सुजोयगरंकड्ढंता सव्वेसाहश्रोनिसीयंति । जेणकड्ढिओ सो तहिं कालस्सपडिक्कमइ। ताहे वरिसा कालट्ठवणा ठविज्जइ, तं जहा-"उणोयरिया कायव्वा, निगइ-णवगपरिच्चाओ कायव्वो जम्हा निद्धोकालो वहुपाणा मेइणी, विज्जुगज्जियाईहिं मयणो दिप्पइ, पीठफलगाइ संथारगाणं, उच्चार-पासवण-खेलमत्तगाण य परिभोगो कायव्वो, निच्चं लोओ कायव्वो सेहो न दिक्खियव्वो, अभिनवो उवही न गेहयव्वो, दुगुणं वरिसो वगरणं घरेयव्वं, पुव्वगहियाणं छार उगलाईणं परिच्चाओ कायव्वो, इयरेसि धारणं कायव्वं, पुव्वावरेणं सकोस जोयणाओ परओ न गंतव्वं" इत्यादि।

जिसने सूत्र पढ़ा है वह काल प्रतिक्रमण करे फिर वर्षा काल की स्थापना करे जैसे ऊनोदरी तप करना, नव विकृतियों का त्याग करना, क्योंकि काल स्निग्ध हैं पृथ्वी जीवाकुल होती है, विद्युत्-गर्जनादि से काम दीप्त होता है पीठ, फलक, संस्तारक का उपभोग करना, उच्चार, प्रश्रवण, खेलमात्रकों का जयणा से परिभोग करना, नित्य लोच करना, शिष्य को दीक्षा नहीं देना, नवीन उपधि को न लेना, द्विगुण वर्षा के लिये उपकरण ग्रहण करना, पूर्व गृहीत रक्षा उगलकें का त्याग करना और नये ग्रहण करना, पूर्व-पश्चिम होकर सवा योजन के बाहर न जाना इत्यादि वर्षाकाल की स्थापना करना पक्ष, चतुर्मास और सांवत्सरिक पर्वों में यथाक्रम चतुर्थ, षष्ठ, अष्टम तप करना, चैत्य वन्दन परिपाटी करना श्रावकों को धर्मोपदेश करना।

रात्रिक प्रतिक्रमण विधि——

प्रथम सामायिक सूत्र पढ़कर चारित्र विशुद्धि के निमित्त २५ श्वासोच्छ्वास परिमाण कायोत्सर्ग करते हैं। दर्शन विशुद्धि निमित्त ऊपर चतुर्विंशतिस्तव पढ़ते हैं और २५ श्वासोच्छ्वास परिमाण कायोत्सर्ग करते हैं। नमस्कार से कायोत्सर्ग पार कर श्रुत ज्ञान विशुद्धि निमित्त श्रुतज्ञानस्तव पढ़ते हैं, इसमें प्रादोषिक स्तुति आदि से लेकर अविच्छिन्न कायोत्सर्गपर्यन्त तक के अतिचारों का चिन्तन करते हैं और नमस्कार से कायोत्सर्ग पूरा कर सिद्धों की स्तुति कहकर पूर्वोक्त विधि से वन्दना करके आलोचना करते हैं, फिर सामायिकसूत्र पूर्वक प्रतिक्रमण करते हैं। प्रतिक्रमण सूत्र के अन्त में वन्दनपूर्वक क्षामणा करते हैं फिर कृतिकर्म करके सामायिक पूर्वक कायोत्सर्ग करते हैं। उसमें चिन्तन करते हैं—हमको गुरु ने किस काम में नियुक्त किया है उसका विचार करके तप स्वीकार करेंगे। जिस प्रकार के तप से गुरु के नियोग की हानि न हो, फिर वे तप के सम्बन्ध में विचारते हैं।

क्या छः मास पर्यन्त उपवास करें ? यह शक्य नहीं है। एक दिवस कम छःमास की तपस्या करें ? यह करने की भी शक्ति नहीं है। इस प्रकार उतरते-उतरते उन्तीस दिन कम छःमासी तप करें उसकी शक्ति के अभाव में ५ मास, ४ मास, ३ मास, फिर २ मास और १ मास क्षपण (तप) तक का चिन्तन करें। मासिक तप की शक्ति के अभाव में एक एक दिन कम करते हुए १४ दिन कम करे,

उज्जोय-पुत्ति-वंदण, आलोयण ठाणे कमेण पसुत्तं ।
अब्भुट्ठिय-खिवखामण, वंदण अल्लियावणियं ॥३६॥
चरणाइ तउस्सग्गा उज्जो अचितणं कमसो ।
सुअदेवयाइ थुईओ, पुत्तिच्चिय तत्थ नत्थि थुई ॥३७॥
सक्काइसु गायच्छिन्न उस्सग्गो, सज्झाओ, इयदिणस्स पडिक्कमणे ।
तं पुण पक्खिमाइसु, अल्लियावणियपज्जन्ते ॥३८॥
पोत्ति च्चिय वंदण-मालोयणं च, पक्खिय सुत्तं सुत्तं च वंदणयं ।
पत्तेय खामणं च, वंदणाइ सामाइयं ॥३९॥
मूलोत्तर-गुण सोही, उस्सग्गुज्जोअ, पुत्तिवंदणयं ।
पज्जंत खामणाणि य, पुणोवि पडिक्कमइ देवसियं ॥४०॥
पक्खे बारस चउमासएसु वीसं वरिसिएसु उस्सग्गो ।
चालीसा सनमुक्काराइ उज्जोया ॥४१॥

(भावदेवसूरिकृत यतिदिनचर्या पत्र ५५-५६)

भावार्थ—कुछ दिन शेष रहने पर स्थंडिल प्रतिलेखना करके गोचरचर्या का प्रतिक्रमण करे। दिन भर में जो कुछ उपयोग शून्यता से अतिचार लगे हों उनका प्रायश्चित्त करे। प्रतिक्रमण उस समय प्रारम्भ करे जबकि सूर्य का आधा बिम्ब डूब गया हो। उस समय "करेमि भंते सामाइयं" यह सूत्र पढ़े और प्रतिक्रमण की समाप्ति में दो तीन तारिकाएं आकाश में दीखती हों यह प्रतिक्रमण करने का समय है। प्रथम चैत्यवन्दन कर भगवान, आचार्य, उपाध्याय और मुनियों के क्षमाश्रमण देकर "सव्व सवि०" यह बोलकर "करेमि भंते सामाइयं" का पाठ बोलकर, दैवसिक अतिचार चिन्तन का कायोत्सर्ग करे। अतिचार चिन्तन में निम्नलिखित गाथा मन में बोल कर उसका अर्थ चिन्तन करे। शयन, आसन, आहार, पानी,

जिन चैत्य, यतिधर्म, उपाश्रय, कायिकी (लघुनीति) उच्चार, (स्थंडिल जाना, मलोत्सर्ग) समिति (पंचसमिति,), द्वादश भावनायें, तीन गुप्तियां इन सभी कार्यों में विपरीत आचरण करने पर अतिचार दोष होते हैं। इन वातों में दिन भर में जो कोई अतिचार हुआ हो उसका चिंतन करे। ऊपर चतुर्विंशतिस्तव पढ़कर मुहपत्ति प्रतिलेखना पूर्वक वन्दन करे। फिर अतिचारों की गुरु के सामने आलोचना करे। फिर बैठकर प्रतिक्रमण सूत्र पढ़े। "अब्भुट्ठियोमि०" सूत्र से क्षमापन करे, फिर वंदन, गुरु सामीप्य निमित्तक वन्दन करे। चारित्रादि तीन की शुद्धि के लिये कायोत्सर्ग करे। कायोत्सर्ग में चतुर्विंशतिस्तव का चिन्तन करे। श्रुत देवतादिकी स्तुतियाँ कहे। मुहपत्ति प्रतिलेखना पूर्वक वन्दन कर वर्धमान तीन स्तुतियां बोले। शक्रस्तव पढ़कर प्रायश्चित का कायोत्सर्ग करे। कायोत्सर्ग पार कर स्वाध्याय करे। इस प्रकार दैवसिक प्रतिक्रमण की विधि करना चाहिये।

उपर्युक्त विधि के उपरान्त पाक्षिक आदि प्रतिक्रमणों में गुरु सामीप्य पर्यन्त विधि करके मुहपत्ति प्रतिलेखना कर वन्दनक देकर आलोचना करें। पाक्षिकसूत्र पढ़े। प्रत्येक खामणा करे फिर वन्दनापूर्वक सामायिक का पाठ बोलकर मूल तथा उत्तर गुणों की शुद्धि के लिए कायोत्सर्ग करे। कायोत्सर्ग पूरा कर ऊपर चतुर्विंशति स्तव पढ़े। बाद में मुहपत्ति प्रतिलेखना कर वन्दनक दे और पर्यन्त क्षामणा करे। उसके बाद शेष दैवसिक प्रतिक्रमण की विधि करे। पाक्षिक प्रतिक्रमण में बारह, चातुर्मासिक में बीस और सांवत्सरिक प्रतिक्रमण में नमस्कार सहित चालीस उद्योतकरों का कायोत्सर्ग करे। (भावदेवसूरिकृत यतिदिनचर्या पत्र ५५-५६)

परिकड्ढिऊण पच्छा, किइकम्मं काउ नवरि खामंति।
आयरियाइ सव्वे, भावेण सुए तहा भणिअं ॥४६८॥
आयरिय-उवज्झाए, सीसे साहम्मि ए कुलगणे अ.।
जे मे केइ कसाया, सव्वे तिविहेण खामेमि।४६९॥
सव्वस्स समण संघस्स, भगवओ अंजलिं सिरे काउं।
सव्वं खमावइत्ता, खमामि सव्वस्स अहयं प ॥४७०॥
सव्वस्स जीवरासिस्स, भावओ धम्मनिहिय निअचित्तो।
सव्वं खमावइत्ता, खमामि सव्वस्स अहयंपि ।।४७१।

× × ×

खामित्तु तओ एवं, करिंति सव्वे वि नवरमणवज्जं।
रे सिमि दुरालोइय-दुप्पडिकंतस्स उस्सग्गं ॥४७८॥

× × ×

सामाइय पुव्वगं तं, करिंति चारित्त सोहण निमित्तं।
पिय धम्मवज्जभीरु, पण्णासुस्सासगपमाणं ॥४८३॥
ऊसारिऊण विहिणा, सुद्धचरित्ता थयं पकढ्ढित्ता।
कढ्ढति तओ चेइय-वंदणदंडं तउस्सग्गं ॥४८४॥
दंसणसुद्धिनिमित्तं, करेंति पणवीसगं पमाणेणं।
उस्सारिऊण विहिणा, कढ्ढन्ति सुअत्थवं ताहे ॥४८५॥
सुअनाणस्सुस्सग्गं, करिंति पणवीसगप्पमाणेणं।
सुत्तइयारविसोहण-निमित्तमह पारिउं विहिणा ॥४८६॥

× × ×

सुद्धसयलाइयारा, सिद्धाण थयं पढंति तो पच्छा।
पुव्वभणिएण विहिणा, किइकम्मं दिति गुरुणो उ ॥४८८॥
सुकयं आणत्तिमिव, लोए काऊण सुकयकिइकम्मा।
वढ्ढतिओ थुईओ, गुरुथुइगहणे कए तिण्णि ॥४८७॥

श्री हरिभद्रीय [illegible]

[illegible] ।
[illegible] ॥
सेसा उ जहा [illegible], आपुच्छिऊण [illegible] ।
सुत्तत्थसरणहेउं, [illegible] ॥[illegible]॥

एत्थ उ [illegible] सामाइया, [illegible] गुरुणो [illegible] ।
अइगारं [illegible] ॥४४८॥
आयरिओ सामइगं कड्ढइ जाहे तहट्ठिया तेऽवि ।
ताहे अणु पेहंती, गुरुणा सह पच्छ देवसियं ॥४४९॥
जा देवसिअं दुगुणं, चिंतेइ गुरु अहिंडिओ चिट्ठं ।
बहुवावारा इअरे एग गुणं ताव चिंतिंति ॥४५०॥

उस्सग्ग समत्तीए, नवकारंण गह ते उ पारिंति ।
चउवीसगं ति दंड, पच्छा कड्ढंति उवउत्ता ॥४५४॥
संडंसं पडिलेहिअ, उवविसिअ तओ णवर गुरुणोत्ति ।
पडिलेहिउं पमज्जिय, कायं सव्वेवि उवउत्ता ॥४५५॥
किइकम्मं वंदणगं, परेण विणएण तो पउंजंति ।
सव्वप्पगारसुद्धं, जह भणियं वीअरागेहिं ॥४५६॥

वंदित्तु तओ पच्छा, अद्धावणया जह क्कमेणं तु ।
उभयकर–धरि अलिगा, ते आलोएति उवउत्ता ॥४५८॥
तस्स य पायच्छित्तं जं मग्गविउ गुरु उवइसंति ।
तं तह अणु चरियव्वं, अणवत्थ पसंग भीएणं ॥४६५॥
आलोइ ऊण दोसे, गुरुणो पडिवन्नपायच्छित्ताओ ।
सामाइय पुव्वयं ते, कड्ढंति तओ पडिक्कमणं ॥४६६॥

तइए निसाइयारं, चिंतिअ उकण पारऊण विहिणाउ।
सिद्धथयं पढित्ता, पडिक्कमंते जहा पुव्वि ॥५००॥

× × ×

खामित्तु करिंति तओ, सामाइयपुव्वगं तु उस्सग्गं।
तत्थ य चिंतिति इमं, कत्थनिउत्ता वयं गुरुणा ॥५०२॥
जह तस्स न होइ च्चिय, हाणी कज्जस्स तह जयंतेवं।
छम्मासाइकमेणं, जा सचक असढभावाणं ॥५०३॥
तं हियए काऊणं, किइकम्मं काउ गुरुसमीवंमि।
गिण्हंति तओ तं चिय, समगं नवकार माईअ ॥५०४॥

(पंचवस्तुक. पत्र ७४ से ८२ पर्यन्त)

दैवसिक प्रतिक्रमण विधि—

भावार्थ—यदि निर्व्याघात प्रतिक्रमण हो तो सब साथ में आवश्यक करते हैं और श्राद्ध-धर्मकथादि व्याघात हो तो शेष साधु स्थान पर जा बैठते हैं और बाद में गुरु भी आकर अपने स्थान पर बैठते हैं। व्याघात अवस्था में शेष सभी साधु गुरु को पूछकर स्वस्थान पर बैठ जाते हैं और सूत्रार्थों का स्मरण करते हैं। जब आचार्य आते हैं तब दैवसिक प्रतिक्रमण शुरु करते हैं। यहां "करेमि भंते" इत्यादि सामायिक सूत्र कथन पूर्वक आचार्य सूत्रोच्चारण करें तब शेष साधु भी अपने २ स्थान पर रहे हुए सूत्र का मन में चिन्तन करने के लिए कायोत्सर्ग करें और गुरु उसमें अपने दिन भर की प्रवृत्तियों का दो बार चिन्तन करेंगे, तब बहुप्रवृत्ति वाले दूसरे साधु कायोत्सर्ग में अपनी प्रवृत्तियों का एक ही बार चिंतन कर सकेंगे। कायोत्सर्ग की समाप्ति में गुरु के बाद नमस्कारपूर्वक सब कायोत्सर्ग पारें। ऊपर चतुर्विंशतिस्तव दण्डक का उपयोगपूर्वक पाठ बोलें, फिर सण्डासक प्रतिलेखना करें, शरीर का प्रमार्जन करें सब उपयोग

सामइयं कड्ढित्ता, [illegible] ।
पणगीमुग्गाणं मिअ, [illegible] ॥४६३॥
उस्सारिऊण विहिणा, सुद्ध[illegible] [illegible] कड्ढित्ता ।
दंसणसुद्धि निमित्तं, करिंति पणुवीस उस्सासं ॥४६५॥
ऊसारिऊण विहिणा, कड्ढिंति सुअत्थयं तओ पच्छा ।
काउस्सग्गमणियर्य, एहं करेंती उ उवउत्ता ॥४६६॥
पाउसिअ थुइमाई, अहिगयउस्सग्गचिट्ठपज्जंते ।
चिंतिति तत्थसम्मं, अइयारे राइये सव्वे ॥४६७॥
× × ×
तइए निसाइआरं, चिंतइ चरिमे अ किं तवं काहं ।
छम्मासा एकदिणाइ, हाणि जा पोरिसि नमो वा ॥४६८॥

तइए निसाइयारं, चिंतिअं उकण पारऊण विहिणाउ।
सिद्धथयं पढित्ता, पडिक्कमंते जहा पुव्विं ॥५००॥
× × ×
खामित्तु करिति तओ, सामाइयपुव्वगं तु उस्सग्गं।
तत्थ य चिंतिति इमं, कत्थनिउत्ता वयं गुरुणा ॥५०२॥
जह तस्स न होइ च्चिय, हाणी कज्जस्स तह जयंतेवं।
छम्मासाइकमेणं, जा सक्क असढभावाणं ॥५०३॥
तं हियए काऊणं, किइकम्मं काउ गुरुसमीवंमि।
गिण्हंति तओ तं चिय, समगं नवकार माईअ ॥५०४॥

(पंचवस्तुक. पत्र ७४ से ८२ पर्यन्त)

दैवसिक प्रतिक्रमण विधि—

भावार्थ—यदि निर्व्याघात प्रतिक्रमण हो तो सब साथ में आवश्यक करते हैं और श्राद्ध-धर्मकथादि व्याघात हो तो शेष साधु स्थान पर जा बैठते हैं और बाद में गुरु भी आकर अपने स्थान पर बैठते हैं। व्याघात अवस्था में शेष सभी साधु गुरु को पूछकर स्वस्थान पर बैठ जाते हैं और सूत्रार्थो का स्मरण करते हैं। जब आचार्य आते हैं तब दैवसिक प्रतिक्रमण शुरु करते हैं। यहां "करेमि भंते" इत्यादि सामायिक सूत्र कथन पूर्वक आचार्य सूत्रोच्चारण करें तब शेष साधु भी अपने २ स्थान पर रहे हुए सूत्र का मन में चिन्तन करने के लिए कायोत्सर्ग करें और गुरु उसमें अपने दिन भर की प्रवृत्तियों का दो बार चिंतन करेंगे, तब बहुप्रवृत्ति वाले दूसरे साधु कायोत्सर्ग में अपनी प्रवृत्तियों का एक ही बार चिंतन कर सकेंगे। कायोत्सर्ग की समाप्ति में गुरु के बाद नमस्कारपूर्वक सब कायोत्सर्ग पारें। ऊपर चतुर्विंशतिस्तव दंडक का उपयोगपूर्वक पाठ बोले, फिर सण्डासक प्रतिलेखना करें शरीर का प्रमार्जन करें सब उपयोग

विनयपूर्वक कृतकर्म करें। वन्दनक सर्व प्रकार से शुद्ध शास्त्रानुसार करें। वन्दन करके फिर अर्धावनत (कुछ झुके हुए) क्रम से दोनों हाथों में रजोहरण और मुहपत्ति लेकर कायोत्सर्ग में चिंतित अति-चारों को गुरु के सामने प्रकट करे और उनको मार्ग के जानने वाले गुरु प्रायश्चित का उपदेश करे और जैसे आलोचना का प्रायश्चित हो वैसे ही अनवस्था को दूर रखते हुए साधु अनुसरण करे। गुरु के सामने दोषों की आलोचना कर और गुरु का दिया हुआ प्रायश्चित्त स्वीकार कर फिर सामायिकपूर्वक प्रतिक्रमण सूत्र पढ़े। प्रतिक्रमण सूत्र पूरा पढ़कर कृतिकर्म (वन्दनक) करे। बाद में गुरु आदि को खमावे। उसके बाद आचार्यादि सर्व को भाव से खमावे। जैसे सूत्र में कहा है—आचार्य, उपाध्याय, शिष्य, साधर्मिक, कुल और गण में जिस किसी को मैंने कषाय उत्पन्न किया हो उन सर्व को मै मन वचन काया से खमाता हूं। सर्वश्रमण संघ को सिर पर हाथ जोड़कर अपनी तरफ़ के अपराधों की क्षमा मांगता हूं और जिस किसी ने मेरा अविनयादि किया हो उनको भी मैं क्षमता हूँ। भाव से धर्म में चित्त लगाकर सर्व जीवराशि को अपने अपराधों की क्ष...

है और पच्चीस श्वासोच्छ्वास परिमित होता है। कायोत्सर्ग पूरा करके विधिपूर्वक ऊपर श्रुतस्तव पाठ बोलते हैं और श्रुतज्ञान का कायोत्सर्ग करते हैं। कायोत्सर्ग २५ श्वासोच्छ्वास परिमित होता है। श्रुतज्ञान के विशुद्धि निमित्तक २५ श्वासोच्छ्वास का कायोत्सर्ग विधिपूर्वक समाप्त करके जिनके सकल अतिचार शुद्ध हुए हैं ऐसे प्रतिक्रमण करने वाले अन्त में सिद्धों का स्तव पढ़ते हैं, बाद में पूर्वकथनानुसार विधि से गुरु को कृतिकर्म करते हैं। जिस प्रकार लोक में राजाज्ञा का पालन करके सेवक फिर उनके पास आकर हाजिर होते हैं, उसी प्रकार प्रतिक्रमण करने वाले श्रमण कृतिकम करके गुरु के समीप उपस्थित होते हैं और वर्धमान स्तुतियां बोलते हैं। प्रथम गुरु एक स्तुति बोल जायें, उसके बाद शिष्य भी ३ स्तुतियां बोलते हैं। स्तुतिमंगल गुरु द्वारा उच्चारित करने के बाद शेष साधु भी स्तुति बोलते हैं। बाद में थोड़े समय तक शिष्य गुरु के चरणों के सामने हाजिर खड़े रहते हैं। इसलिए कि शायद कुछ भूल हुई हो तो गुरु याद करायें, एक प्रकार से इस रीति से विनय का भी पालन होता है। फिर आचरणा से श्रुतदेवता आदि का कायोत्सर्ग होता है. उपर्युक्त गाथा के अर्धभाग की टीका में आचार्य लिखते हैं कि आदि शब्द से क्षेत्र और भवनदेवता का ग्रहण करना चाहिये। चातुर्मासिक और वार्षिक प्रतिक्रमणों में क्षेत्रदेवता का कायोत्सर्ग होता है और पाक्षिक प्रतिक्रमण में भवन-देवी का कायोत्सर्ग करते हैं।

कोई आचार्य चातुर्मासिक प्रतिक्रमण में भी भवन देवता का कायोत्सर्ग करने का कहते हैं। दैवसिक प्रति- क्रमण के बाद प्रादोषिक काल ग्रहण आदि सब बातें विशेष सूत्र से

जान लेना चाहिए। अब प्राभातिक प्रतिक्रमण की विधि कहते हैं।

रात्रिक प्रतिक्रमण विधि—

सामायिक सूत्र पढ़कर चारित्र शुद्धि के लिए प्रथम कायोत्सर्ग २५ श्वासोच्छ्वास परिमित करते हैं। कायोत्सर्ग पार कर शुद्ध चारित्रवन्त ऊपर चतुर्विंशतिस्तव पढ़कर दर्शनशुद्धि के निमित्त दूसरा २५ श्वासोच्छ्वास परिमित कायोत्सर्ग करते हैं। विधि से कायोत्सर्ग पारकर बाद में श्रुतस्तव पढ़ते हैं और उपयोगपूर्वक अनियत परिमाण कायोत्सर्ग करते हैं। प्रादोषिक प्रतिक्रमण में पढ़ी हुई अन्तिम स्तुति से लेकर अधिकृत कायोत्सर्ग पर्यन्त की तमाम चेष्टाओं का इस अनियत परिमाण वाले तीसरे कायोत्सर्ग में रात्रिक अतिचारों का चिन्तन होता है। अन्तिम कायोत्सर्ग में कर्त्तव्य तप का चिन्तन करते हैं। आज मैं क्या तप करूँ? छः मासिक तप कर सकता हूँ? नहीं, एक दिन कम इत्यादि कर सकता हूँ? नहीं। इस प्रकार एक २ दिन घटाते हुए यावत् पौरुषी अथवा नमस्कार सहित जो प्रत्याख्यान करना हो वह मन में धारण करके कायोत्सर्ग विधिपूर्वक पारे। ऊपर सिद्धस्तव पढ़कर पूर्ववत् आगे प्रतिक्रमण करे। क्षामणक करके सामायिकपूर्वक कायोत्सर्ग करे और उसमें तप चिन्तन करते हुए अपनी स्थिति का विचार करे। गुरु ने हमको किस काम के लिये नियुक्त किया है - यह सोचकर गुरु-निर्दिष्ट कार्य की हानि न हो वैसा षाण्मासिक आदि क्रम से उतरते हुए जो तप शक्य हो वहाँ तक नीचे उतरकर हृदय में धारण करले, फिर कृतिकर्म करके गुरु के पास अपने २ चिन्तित तप का प्रत्याख्यान करे।

(पंचवस्तुक पत्र ७२-८२ पर्यंत)

तत्थ य धरेइ हिअए, जा य ताणं दिणकए अईआरे।
पारेत्तु नमुक्कारेण पढइ चउवीसगयथदंई ॥२२॥

सुत्तत्थ तत्तदिट्ठ १, दंसणमोहत्तिगं च ४ रागतिगं ७।
देवाईतत्ततिगं १०, तह य अदेवाइ भत्तितिगं १३ ॥२३॥

नाणाइतिगं १६ तह तव्विराहणा तिन्नि गुत्ति २२ दंडतिगं २५।
इय मुहणंतगपडिलेहणाउ कमसो विचिंतिज्जा ॥२४॥

हासो रई अ अरइ ३, भय सोग दुगं छया य वज्जिज्जा ६।
भुअजुअल पेहंतो, सीसं अपसत्थ लेस तिगं ६ ॥२५॥

गारवतिगं च १२ वयणे उरि सल्लतिगं १५ कसाय चउ पट्ठे १६।
पय जुगि छज्जीववह २५, तणुपेहाये विहाणमिणं ॥२६॥

जइवि पडिलेहणाए, हेऊ जिअ रक्खणं जिणाणाय।
तहवि इमं मणमक्कड, नियंतणत्थं मुणी विंति ॥२७॥

उट्ठिअ विऊ रा विणयं, विहिणा गुरुणो करेइ किइकम्मं।
बत्तीस दोसरहिअं, पणवीसावस्सयविसुद्धं ॥२८॥

यद्ध १ पविद्ध २ मणाढिअ ३, परिंपिंडिअ ४ मंकुसं ५
भमुवत्तं ६। कच्छवरिंगिअ ७ टोलगइ ८ ढड्ढरं ६।
वेइआवद्धं १० ॥२६॥

मणदुट्ठ ११ रुद्ध १२ तज्जिअ १३ सढ्ढं १४ हीलिअ १५
तेणिअं च १६।

पडिणीअ १७ दिट्ठमदिट्ठं १८ सिंग १६ कर २० मोअण
२१ मूण २२ मूअ च २३ ॥३०॥

भय २४ मित्ती २५ गारव २६ कारणेहिं २७ पलिउंचिअं २८
भयंते च २६। आलिद्धमणालिद्धं ३० चूलिअ ३१ चुडलित्ति ३२
बत्तीसा ॥३१॥

सामान्य प्रतिक्रमण विधि—

अर्थ—ज्ञान, दर्शन, चारित्र, तप और वीर्य विषयक आचरणा करना उसका नाम आचार है। यह आचार इस प्रकार पांच प्रकार का है ॥१॥

उक्त पंचाचार की विशुद्धि के लिये साधु अथवा श्रावक प्रतिक्रमण करता है। गुरु की विद्यमानता में गुरु के साथ और गुरु के हाजिर न होने पर अकेला भी श्रावक प्रतिक्रमण करे ॥२॥

यहां सामायिक से चारित्र की विशुद्धि की जाती है, क्यों कि सामायिक में सावद्य योगों का त्याग और निरवद्य योगों का सेवन होता है ॥३॥

चतुर्विंशतिस्तव से दर्शनाचार की विशुद्धि की जाती है, क्योंकि चतुर्विंशतिस्तव में जिन वरेन्द्रों का अत्यद्भुत गुण-कीर्तन किया जाता है ॥४॥

वंदन के विधि पूर्वक करने से ज्ञानादि गुणों की और ज्ञानादि गुण-धारकों की प्रतिपत्ति होती है और ऐसा होने से ज्ञानादि गुणों की वृद्धि होती है ॥५॥

ज्ञानादि गुणों की प्राप्ति के लिये किये जाते प्रयास में होने वाली स्खलनाओं का सही रूप से किये जाते प्रतिक्रमण से उक्त गुणों की शुद्धि होती है ॥६॥

चारित्र आदि में लगने वाले अतिचारों की प्रायश्चित्त के रूप में कायोत्सर्ग करने से शुद्धि होती है ॥७॥

गुणधारण रूप प्रत्याख्यान से अतिचारों की शुद्धि होती है और उक्त सर्व उपायों से वीर्याचार की शुद्धि होती है। विद्याएँ विनया-धीन होती हैं। विनय से पढ़ी हुई विद्या ही इस लोक और परलोक में फल देती है, विनयहीन को विद्या फल नहीं देती जैसे जलहीन सस्य फल नहीं देते ॥८॥

जिनेश्वरों की भक्ति से, पूर्व संचित कर्मों का नाश होता है और विद्याचार्य को किये हुए नमस्कार से विद्या और मंत्र सिद्ध होते हैं ॥१०॥

चैत्यवन्दन करके चार क्षमाश्रमण देकर भूमि पर सिर रखकर सकलातिचारों का मिथ्या दुष्कृत करे ॥११॥

दर्शन, ज्ञान, प्रत्येक संपूर्ण फल नहीं देते, परन्तु चारित्र के मिलने से ही विशेष फल देते हैं। इसलिये तीनों गुणों में चारित्र में ही विशिष्ट गुण होता है ॥१२॥

सामायिकपूर्वक "इच्छामि ठामि काउसग्गं" इत्यादि सूत्र पढ़कर भुजाएँ नीचे लम्बित करके कुहुनियों से अधोवस्त्र को पकड़कर कायोत्सर्ग करे ॥१३॥

उस कायोत्सर्ग में क्रमशः दिनभर के अतिचारों को हृदय में धारण करके नमस्कारपूर्वक कायोत्सर्ग पारकर चतुर्विंशतिस्तव दण्डक को पढ़े ॥२२॥

सूत्र, अर्थ, तत्त्व पर श्रद्धा करना, दर्शनमोह आदि त्रिक रागत्रिक ७, और देवादि तत्वत्रिक १० तथा अदेवादि भक्ति १३, ज्ञानादित्रिक १६, तथा ज्ञानादि विराधनात्रिक १६, गुप्ति २२, दंडत्रिक २५ इस प्रकार मुखवस्त्र की प्रतिलेखना में क्रम चिन्तन करे ॥२३-२४॥

हास्य, रति, अरतिवर्जन ३, भय, शोक, दुगुञ्छा वर्जन उपर्युक्त तीन-तीन दोष भुज युगल की प्रतिलेखना करता हु बोले और शीर्ष की प्रतिलेखना करता हुआ अप्रशस्त तीन लेश्या का त्याग करे ॥२५॥

मुख की प्रतिलेखना करता हुआ गौरव त्रिक का त्याग १२ करे और हृदय की प्रतिलेखना करता हुआ शल्यत्रिक १५ का त्याग करे और पीठ की प्रतिलेखना करता हुआ ४ कषायों का त्याग करे १६। दो चरणों की प्रतिलेखना करता हुआ छः जीव निकाय की रक्षा करे २५ इस प्रकार शरीर प्रतिलेखना के समय बोलने के २५ बोलों का विधान हुआ ॥२६॥

यद्यपि प्रतिलेखना करने का कारण जीव-रक्षा और जिन-आज्ञा है तथापि मन-मर्कट नियंत्रित करने के लिए मुनि लोग उक्त प्रकार से बोल कहते हैं। उठकर विद्वान् विधिपूर्वक गुरु का विनय करते हैं और बत्तीस दोष रहित और २५ आवश्यक विशुद्ध गुरु-वन्दन करते हैं ॥२७-२८॥

पापी मनुष्य भी गुरु के पास आलोचना और निन्दा करके एकदम कर्मों के भार से हलका हो जाता है, जैसे ऊपर का बोझा उतार कर भारवाहक हलका होता है ॥७॥

बैठकर सामायिक आदि प्रयत्न पूर्वक सूत्र पढकर अब्भुट्ठिओमि०" इत्यादि बोलता हुआ दोनों प्रकार से खड़ा हुआ क्षमापन सूत्र बोले ॥३८॥

प्रतिक्रमण करते समय, स्वाध्याय करते समय, कायोत्सर्ग करते वक्त, अपराध गुरु के आगे प्रकट करते समय, आलोचना करते समय, प्रत्याख्यान करते समय और अनशन करते वक्त वन्दन करना चाहिए ॥३९॥

पञ्चकादि साधुओं की संख्या हो तब तीनों को खमाना चाहिए कृतिकर्म, वन्दन करके विद्वान् श्रद्धावान् तीन गाथा पढे ॥४०॥

इस प्रकार सामायिक आदि सूत्रउच्चारण करके कायोत्सर्ग में रहे हुए चारित्राचार के अतिचारों की शुद्धि के लिये दो चतुर्विंशति-स्तवों का चिन्तन करे ॥४१॥

प्रथम कायोत्सर्ग में प्रतिक्रमण करता हुआ सामायिक न करके दूसरा और तीसरा कायोत्सर्ग कैसे करता है? जिसकी आत्मा समभाव में रही हुई है वह कायोत्सर्ग करके फिर प्रतिक्रमण करता है, इसी प्रकार समभाव में रहा हुआ तीसरा भी कायोत्सर्ग करता है ॥४२-४३॥

स्वाध्याय, ध्यान, तप, औषध, उपदेश, स्तुतिप्रदान और सद्गुण-कीर्तन, इतने कार्यों में पुनरुक्त दोष नहीं होते ॥४४॥ विधि से कायोत्सर्ग पार कर सम्यक्त्व शुद्धि के हेतु ऊपर चतुर्विंशतिस्तव पढ कर और "सव्वलोए अरिहंत" इत्यादि चैत्याराधनार्थ कायोत्सर्ग-करे उसमें लोगस्स का चिंतनकर शुद्ध हुआ है सम्यक्त्व जिसका ऐसा पुक्खर-वरदी-वड्ढे यह कहें। श्रुत आराधना के निमित्त सूत्र बोले, फिर २५ श्वासोच्छ्वास का कायोत्सर्ग करें और विधि-पूर्वक

जिन धर्म [illegible] और [illegible] [illegible]

कहा है, इसमें मनुष्य [illegible] के और [illegible] आनुषंगिक होते

हैं, जैसे कृषि के साथ पलाल (घास) ॥५०॥

वृक्ष के मूल से स्कन्द की उत्पत्ति होती है, बाद स्कंद से शाखा

उत्पन्न होती हैं। शाखा प्रशाखाओं से पत्र उत्पन्न होते हैं और पत्रों

के बाद पुष्पफल तथा रस की उत्पत्ति होती है ॥५१॥

अथ श्रुतज्ञान की वृद्धि के हेतु श्रुतदेवी का कायोत्सर्ग करते हैं

कायोत्सर्ग में १ नमस्कार का चिन्तन करते हैं, बाद श्रुतदेवी

स्तुति बोली अथवा सुनी जाती है ॥५२॥

इसी प्रकार क्षेत्रदेवी का भी कायोत्सर्ग करते हैं और उस

स्तुति बोलते अथवा सुनते हैं। ऊपर पंच मंगल नमस्कार पढ़

सण्डासक प्रमार्जन करके बैठते हैं ॥५३॥ पूर्वोक्त विधि से मु

वस्त्रिका की प्रतिलेखना करके गुरु को वन्दन कर "इच्छामो अणुस

यह बोलकर जानुओं के बल बैठे ॥५४॥

राजा के नौकर राजाज्ञा का प्रतिपालन करके आकर राजा

राजाज्ञा के प्रतिपालन की सूचना करते हैं उसी प्रकार साधु

कर्म करके कुछ मिनटों तक बैठते हैं, वर्धमान स्तुति बोली

है और गुरु के १ स्तुति कहने पर शेष सभी साधु तीन स्तुतियाँ बोलते हैं ॥५५॥

वर्धमान अक्षर और वर्धमान स्वर से स्तुतियां बोलते हैं। बाद शक्रस्तव पढ़कर दैवसिक प्रायश्चित्त का कायोत्सर्ग करते हैं ॥५६॥

हिंसा, मृषावाद, अदत्तादान, मैथुन और परिग्रह त्याग के व्रतों में स्वप्न आदि में दोष लगा हो तो एक सौ श्वासोच्छ्वास का कायोत्सर्ग करना ॥५७॥

प्रथम पोरसी में स्वाध्याय करे, दूसरी में ध्यान करे, तीसरी में निद्रा का त्याग करे और चतुर्थ पोरसी में फिर ध्यान करे ॥५८॥ चतुर्दश पूर्वधरों के लिये उत्कृष्ट स्वाध्याय द्वादशांगी का पढ़ना होता है इसके नीचे कम होता हुआ कम से कम नमस्कार पढ़ने तक का स्वाध्याय होता है ॥५९॥

बारह प्रकार का तप जो आभ्यन्तर और बाह्य तपों के भेद से कुशल पुरुषों ने बताया है, वह भी स्वाध्याय रूप तप की बराबरी नहीं करेगा ॥६०॥

इस प्रकार दैवसिक प्रतिक्रमण कहा है, इसी प्रकार रात्रिक प्रतिक्रमण भी किया जाता है। इसमें जो विशेषता है वह नीचे बताई जाती है, रात्रिक प्रतिक्रमण में सामूहिक रात्रिक अतिचारों का मिच्छामि दुष्कृत करके शक्रस्तव पढ़ा जाता है ॥६१॥

फिर उठकर विधि से कायोत्सर्ग किया जाता है उसमें चतुर्विंशति स्तव की चिन्तना होती है, दूसरा दर्शन शुद्धि के लिये कायोत्सर्ग किया जाता है और इसमें भी चतुर्विंशतिस्तव का ही चिन्तवन होता हैं ॥६२॥

भगवान् ऋषभदेव १ वर्ष पर्यन्त उपवासी रहे, भगवान् महावीर छः मास तक तपस्या में रहे और विहार किया इन दो तीर्थंकरों की तपस्या के उदाहरण से साधुओं को तप करने का उद्यम करना चाहिये ॥६६॥

तप चिन्तवन के कायोत्सर्ग में यह सोचे कि मेरे तप करने से संयम के योगों में हानि न हो उस प्रकार का तप करूँ, छमास से लगाकर एक-एक मास एक-एक दिन नीचे उतरता हुआ ५ मास ४-३, दो मास तक नीचे उतरे। मास में भी दिन घटाता हुआ तेरह दिन कम करे फिर नीचे ३४ भक्त ३२ भक्त इस प्रकार दो-दो भक्तों की हानि करता हुआ चतुर्थ भक्त तक नीचे उतरे। चतुर्थ भक्त के नीचे आयम्बिल यावत् पोरुषी और उसके नीचे नमुक्कार पर्यंत उतरे ॥६७-६८-६९॥

नीचे उतरकर जो तप अपने लिये करना शक्य समझे उसको मन में धारण करके कायोत्सर्ग पार कर मुहपत्ति प्रतिलेखना करे

और दो वन्दनक देकर अशठ भाव से मनः चिन्तित तप का विधिपूर्वक प्रत्याख्यान करे ।।७०।।

फिर "इच्छामो अणुसट्ठिं" यह वाक्य पढ़कर बैठकर तीन स्तुतियां पढ़े, प्रभात समय में स्तुति पाठ मन्द स्वर से बोले, ऊपर शक्रस्तव पढ़कर चैत्यवन्दन करे ।।६१।।

कृत्य, अकृत्य आदि विनय के हेतु जो गुरु बतावे उसके स्वीकार के निमित्त 'बहुवेलं संदिवसामि" यह बोलकर रात्रिक प्रतिक्रमण पूरा करे ।।७२।।

